तापमान
अधिकतम 19 .0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 27 दिसंबर 2025 जींद

11 भारत रत्न वाजपेयी जी ने शासन को सुशासन बनाया : देवेंद्र अत्री



11 डीएवी स्कूल में वीर बाल दिवस श्रद्धा से मनाया



## खबर संक्षेप

### अवैध असलाह के साथ युवक चढ़ा पुलिस हत्थे

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव लिजवाना कलां के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है। जुलाना थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव लिजवाना कलां बस अड्डे पर एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है।

### आईटीआई में प्रधानमंत्री अप्रेंटिस मेला 29 को

**कैथल।** कैथल के राजकीय आईटीआई में 29 दिसंबर को प्रधानमंत्री अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्य सतीश ने बताया कि रोजगार मेले में करीब दो दर्जन कंपनियां हजारों विद्यार्थियों का शिक्षुता एवं नौकरी के लिए चयन करेंगे।

### गहने व नकदी सहित महिला लापता, केस

**अलेवा।** अलेवा थाना के अंतर्गत लगने वाले गांव निवासी एक महिला ने पूत्र वधु पर सोने, चांदी के जेवरात व 40 हजार की नकदी लेकर संदिग्ध परिस्थितियो में लापता होने के मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस को दी शिकायत में थाने के तहत लगने वाले गांव निवासी महिला ने बताया कि 21 दिसंबर देर शाम को खाना खाने के बाद परिवार के सभी सदस्य सो गए थे।

### मारपीट में एक व्यक्ति घायल, मामला दर्ज

**कैथल।** कस्बा पूंडरी में मारपीट में व्यक्ति घायल हो गया। अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। फतेहपुर के मनीष कुमार ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 को जब वह ब्रह्मानंद कॉलोनी पुंडरी से जा रहा था तो पांच युवकों ने उसे पर हॉकी से हमला करते घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए।

### रंजिशन हमला करने पर चार नामजद

**जींद।** गांव तलौडा में रंजिशन व्यक्ति पर हमला कर घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव तलौडा निवासी अश्वनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही सत्यवान परिवार से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते सत्यवान परिवार ने उस पहर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

### क्योड़क से लाखों की स्ट्रीट लाइट चुराई

**कैथल।** गांव क्योडक से चोर गलियां में लगी लाखों की स्ट्रीट लाइट चुराकर ले गए। गांव क्योडक के सरपंच जसवीर सिंह ने सदर पुलिस कैथल को शिकायत में बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा गांव में प्रकाश को लेकर गलियों में स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी। आरोप है कि 1 जुलाई 2024 से 25 दिसंबर 2025 के बीच तक अज्ञात चोर ग्राम पंचायत की करीब 600 लाइट चुरा कर ले गए।

### शराब ठेकेदार की स्कूटी को गाड़ी से मारी टक्कर

**जींद।** गांव काकडौद में गाड़ी सवार लोगों ने शराब ठेकेदार की स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें ठेकेदार को हल्की चोटें आई और स्कूटी को भी नुकसान पहुंचा। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर गाड़ी सवार चार लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### घर में घुसकर की मारपीट, केस दर्ज

**कैथल।** थाना सिविल लाइन कैथल पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में डेरा अंबरसरिया कैथल की अनीता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 25 दिसंबर को परविंदर नामक व्यक्ति उनके घर में घुस गया तथा उसने घर का दरवाजा तोड़ते उनके साथ मारपीट की।

# नागरिक अस्पताल में चरम रोग विशेषज्ञ नहीं, मरीजों को उठानी पड़ रही परेशानी

## प्रतिदिन दस से बारह मरीज आ रहे उपचार करवाने के लिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिले में ठंड बढने के साथ ही स्किन से जुड़ी समस्या के उपचार को लेकर मरीज नागरिक अस्पताल पहुंच रहे हैं। हालांकि अस्पताल में चरम रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति नही है। बावजूद इसके चिकित्सकों द्वारा चरम रोग की प्रारंभिक स्तर की दवाएं व चरम रोग से बचाव के उपाय समझा कर लोगों का उपचार किया जा रहा है। इस समय अस्पताल में 10 से 12 मरीज दाद, खाज, खुजली, ड्राई स्किन को लेकर आ रहे हैं। साथ ही हाथों और पैरों की उंगलियों में सूजन, लालिमा व गांठ की शिकायतें सामने आ रही हैं। ठंड आते ही बढ़ जाती हैं त्वचा से संबंधित समस्याएंः ठंड में त्वचा संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ जाती हैं। रूखी त्वचा, खुजली, फटे होंठ, एक्जिमा और अन्य चर्म रोगों की शिकायतों में वृद्धि होती है। नागरिक अस्पताल में चर्म रोग (डर्मेटोलॉजी) के विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध नहीं हैं। स्थानीय मरीजों के अनुसार सर्दियों में त्वचा की समस्याएं बढने पर वे अस्पताल पहुंचते हैं लेकिन विशेषज्ञ की कमी के कारण उन्हें पूरा इलाज नहीं मिल पाता। जिसके चलते मरीजों को प्राइवेट क्लीनिक का रूख करना पड़ता है। जहां उपचार महंगा होता है।





जींद। नागरिक अस्पताल में दवा के लिए लगी लाइन व इमरजेंसी वार्ड में उपचार करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

### स्वास्थ्य मुख्यालय से की डिमांड

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि ज्यादा ठंड में रहने या बार-बार ठंडे पानी के संपर्क में आने से परेशानी बढ़ जाती है। साथ ही लंबे समय तक पानी में काम करने से त्वचा की रक्त नलिकाएं प्रभावित होती हैं। जिससे चिलब्लेन्स का खतरा बढ़ जाता है। अगर दाद, खाज, खुजली, त्वचरा में शुष्कपन है तो जितना संभव हो सके, ठंड के संपर्क में आने से बचें। यदि खुजली हो रही है तो लोशन इत्यादि का प्रयोग कर सकते है। ज्यादा परेशानी होने पर डॉक्टर से संपर्क करें। चरम रोग विशेषज्ञ की डिमांड स्वास्थ्य मुख्यालय से की गई है।

### त्वचा की समस्याओं के मुख्य कारण

ठंडी और शुष्क हवा के कारण त्वचा से प्राकृतिक नमी कम होना। गर्म पानी से नहाने से त्वचा के तेल कम होना। कमरे में हीटर या ब्लोअर का उपयोग, जो हवा को और शुष्क बनाता है। प्रदूषण और कम नींद का असर।चर्म रोग से बचने के सरल उपायः नहाने के तुरंत बाद रोजाना अच्छा मॉइस्चराइजर जेली, क्रीम लगाएं। गुनगुने पानी से नहाएं, ज्यादा गर्म पानी से बचें। पर्याप्त पानी पिएं और हाइड्रेटेड रहें। ठंडी हवा से बचाव के लिए पूरे शरीर को ढक कर निकलें। संतुलित आहार लें, जिसमें विटामिन ए, सी और ई से भरपूर चीजें शामिल हों। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अगर समस्या गंभीर हो तो तुरंत चर्म रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें।




कैथल। डीईओ कार्यालय पर धरना देकर नारेबाजी करते अध्यापक।

# अध्यापकों ने किया डीईओ कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन

- आवारा पशुओं की गणना में अध्यापकों की ड्यूटी का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने आवारा पशुओं की गणना हेतु जिले के 594 अध्यापकों की ड्यूटी लगाने के विरोध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर ज़ोरदार प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान रामफल दयोहरा ने व संचालन जिला सचिव अमरनाथ किठानिया ने किया। उन्होंने कहा कि इस फरमान को वापिस लेने की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधीक्षक को ज्ञापन/नोटिस सौंपा गया है और यदि अतिशीघ्र पत्र को वापिस नहीं लिया गया तो अध्यापकों को लामबंद करते हुए आंदोलन तेज किया जाएगा। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, रमेश चहल, ओमपाल भाल, सचिव शिवचरण, छज्जू राम, कपिल सिरोही,जयप्रकाश शास्त्री, अध्यापक संघ के जिला सहसचिव शमशेर कालिया, विद्यावती, मदन गोपाल, ब्लॉक प्रधान कृष्ण आर्य, राजकुमार कश्यप, जितेंद्र कुमार, मस्त राम शास्त्री,सुरजीत सिंह ने बताया कि 24 दिसंबर को प्रशासनिक अधिकारियों के आदेशों का हवाला देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा आवारा पशुओं की गणना हेतु अध्यापकों को नोडल अधिकारी बनाए जाने बारे पत्र जारी किया गया है, जो शिक्षकों के मान सम्मान पर गहरी चोट है। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ इस तरह के तुगलकी फरमान की कड़े शब्दों में निंदा करता और इसको लेकर जिले के अध्यापकों में काफी रोष है। तरह के अध्यापकों के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले तुगलकी फरमान को अतिशीघ्र वापिस न लेने की सूरत में आंदोलन तेज किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी एवं फरमान जारी करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों की होगी।

## जींद और कैथल के बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा

# फिर लौटी कड़ाके की ठंड, कोहरे की सफेद चादर में लिपटा कैथल

## वाहन चालक एक-दूसरे के पीछे कतार बनाकर बेहद धीमी गति से चलते दिखाई दिए

**लंबी दूरी की ट्रेन चल रही देरी से,यात्री परेशान**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल/सीवन

दो दिनों तक धूप निकलने के बाद एक बार फिर मौसम ने करवट ले ली है। वीरवर सुबह क्षेत्र घने कोहरे की दूधिया चादर में पूरी तरह लिपटा नजर आया। ठंड का प्रकोप इतना अधिक रहा कि लोगों को सुबह-सुबह अलाव का सहारा लेना पड़ा। गलियों, चौक-चौराहों और बाजारों में लोग अलाव जलाकर ठंड से बचाव करते दिखाई दिए। कई लोगों ने अलाव के पास खड़े होकर चाय की चुस्कियों के साथ ठंड से राहत पाने का प्रयास किया। सुबह के समय घना कोहरा और ठिठुरन लोगों के लिए परेशानी का कारण बने रहे। कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम हो गई, जिससे सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। सड़क परिवहन काफी प्रभावित रहा और वाहन चालक एक-दूसरे के पीछे कतार बनाकर बेहद धीमी गति से चलते दिखाई दिए। खासकर कैथल–पटियाला मुख्य मार्ग पर वाहन चालकों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ी। ठंड और कोहरे का सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों पर देखने को मिल रहा है। सुबह के समय ठंड अधिक होने के कारण बच्चों को स्कूल जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि प्रदेश सरकार की ओर से एक जनवरी से 15 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है, लेकिन मौजूदा दिनों में भी ठंड का असर कम नहीं हुआ है। इसके चलते नन्हे-मुन्ने बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से परेशानी झेलनी पड़ रही है। मौसम में आई इस अचानक ठंडक से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। बाजारों में सुबह के समय सन्नाटा पसरा रहा, जबकि दोपहर के बाद ही हलचल नजर आई। चिकित्सकों ने भी ठंड को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने, गर्म कपड़े पहनने और सुबह-शाम बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। कुल मिलाकर एक बार फिर कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त होता नजर आ रहा है।



सीवन। सर्दी से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते लोग। फोटो :हरिभूमि



जींद। खेत को संभालने पहुंचा किसान। फोटो :हरिभूमि

### सावधानी बरतना बेहद जरूरी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरकीरत ने बताया कि कड़ाके की ठंड और कोहरे के मौसम में विशेष सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोग सुबह और देर शाम अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। यदि बाहर जाना जरूरी हो तो सिर, कान और गले को अच्छी तरह ढककर रखें तथा गर्म कपड़े पहनें।

### जींदः ठंडी हवाओं से लोगों की छूट रही कंपकंपी

**जींद।** दो दिन से मौसम साफ है और दिन में धूप भी निकल रही है लेकिन ठंडी हवाएं चलने के कारण लोगों की कंपकंपी छूट रही है। न्यूनतम तापमान छह डिग्री से भी कम हो गया है वहीं अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहा है। सुबह ही धूप निकल रही है जिले में दो दिन से कोहरा नहीं गिर रहा है। अन्य स्थानों पर कोहरा गिरने के कारण लंबी दूरी की ट्रेन देरी से चल रही हैं। कोहरा नहीं गिरने से गेहूं की फसल को नुकसान हो रहा है। पिछले दो दिन से सुबह ही धूप निकल रहा है। मौसम साफ होने के कारण कोहरा नहीं गिर रहा है। रात को बहुत कम कोहरा गिर रहा है। कोहरा नहीं गिरने से गेहूं की फसल में फटाव कम हो रहा है। ठंडी हवाएं चलने से न्यूनतम तापमान में कमी आ रही है लेकिन दिन में तेज धूप निकलने से अधिकतम तापमान भी 20 डिग्री के आसपास ही रुका हुआ है। ऐसे में लोगों को दिन में तो ठंड से राहत मिल जाती है लेकिन सर्द हवाएं चलने से रात के समय ठंड बढ़ रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार जींद में न्यूनतम तापमान और अधिकतम तापमान में ज्यादा हो गया है।

### नहीं रहे हरियाणवी भाषा के लोककवि रामधारी खटकड़

**जींद।** हरियाणवी भाषा के क्रांतिद्रष्टा लोककवि खटकड़ निवासी रामधारी खटकड़ का, जो अब रोहतक में रह रहे थे, का निधन हो गया। मास्टर रामधारी खटकड़ को उनकी सपाट बयानी और क्रांतिकारी रागनियों के कारण पूरे हरियाणा में क्रांतिद्रष्टा लोक कवि के रूप में जाना जाता है। हिंदी भाषा के साहित्यकार और इनके चचेरे भाई रामफल सिंह खटकड़ ने बताया कि भाई रामधारी सन 1990 से लगातार रागनियों के माध्यम से समसामयिक समस्याओं के प्रति जन चेतना जागृत करने का काम कर रह थे। हरियाणवी लोक साहित्य में दिए गए इनके अनुपम योगदान और बेबाक अभिव्यक्ति को देखते हुए सन 1996 में साहित्य सेवी संगठन उचाना जींद ने इन्हें क्रांतिद्रष्टा लोककवि के सम्मान से सम्मानित किया था। पुस्तक के रूप में अब तक इनका एक ही रागनी संग्रह आप लड़े बिन मुक्ति कोन्या प्रकाशित हुआ है।

# कॉलेज परीक्षाओं का समय बदला दो की बजाए डेढ़ बजे होंगी प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद ईकाई की मांग पर चौधरी रणबीर सिंह विवि प्रशासन के समक्ष छात्रों की गंभीर समस्याओं को लेकर मांग रखी गई। एबीवीपी जींद की मांग के पश्चात विवि एवं उससे संबद्ध डिग्री व शिक्षा महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की परीक्षा समय सारणी में परिवर्तन किया है। एबीवीपी विवि के इकाई अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद के प्रयासों से विद्यार्थियों की परीक्षा का समय दोपहर दो बजे से बदल कर डेढ़ बजे किया है। निर्णय विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते लिया है। एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने बताया कि वर्तमान में फॉग और मौसम की स्थिति ठीक नही है तथा बस सुविधा की कमी के कारण छात्रों को समय पर परीक्षा केंद्रों से घर पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को परिवहन की गंभीर समस्या झेलनी पड़ रही थी।

### जेबतराश महिला गिरोह का पर्दाफाश, 6 गिरफ्तार

**जींद।** जिला जींद पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा एवं बाजारों में बढ़ती जेबकतरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाते संगठित महिला जेबतराश गिरोह का पर्दाफाश किया है। थाना शहर जींद पुलिस ने मामले में मध्य प्रदेश की छह महिला आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की राशि बरामद करने में सफलता हासिल की है। उप पुलिस अधीक्षक जींद संदीप कुमार व थाना शहर जींद के प्रभारी निरीक्षक पूर्णदास ने बताया कि गत 23 दिसंबर को अर्बन एस्टेट निवासी सतबीर ने पुलिस चौकी झांझ गेट में शिकायत दर्ज करवाई कि बैंड मार्केट में एक दुकान के अंदर उनकी जेब से नौ हजार रुपये नकद चोरी कर लिए गए। घटना के समय दुकान में मौजूद कुछ महिलाओं पर शक हुआ। जो पूछताछ करने पर मौके से फरार हो गई। पुलिस ने सतबीर की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

# शराब फैक्टरी में हिस्सदारी का झांसा देकर पंद्रह लाख हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

शराब फैक्टरी में हिस्सेदारी का झांसा देकर 15 लाख रुपये हड़पने पर शहर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बसंत विहार निवासी महेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी रिषीकेश निवासी सोनू अग्रिहोत्री से जान पहचान रही है। आरोपित ने 2024 मे कहा कि वह रिषीकेश में पार्टनशिप में शराब की फैक्टरी लगाना चाहता है। आरोपित ने शराब के कारोबार में मुनाफा भी अच्छा बताया। आरोपित के झांसे में आकर उसने शराब फैक्टरी में हिस्सेदारी को राजी हो गया। मार्च 2024 मे सोनू अग्रिहोत्री, उसकी पत्नी प्रगति अग्रिहोत्री तथा दिवेश जैन उसके पास आए और हिस्सेदारी के 15 लाख रुपये ले गए। बावजूद इसके आरोपितों ने उसे शराब फैक्टरी में हिस्सेदार नही बनाया। जब उसे पता चला तो उसने अपनी राशि वापस मांगी थी।

### अमेरिका भिजवाने के नाम पर 40 लाख ठगे

**कलायत।** विदेश में रोजगार के नाम पर कलायत के वार्ड नंबर 4 के युवक से खिलवाड़ का मामला सामने आया है। इसमें एक किसान परिवार को अपने बेटे को अमेरिका भेजने का सपना देखना बेहद भारी पड़ा। तरावड़ी के एक शातिर एजेंट ने डंकी रूट के जरिए युवक को सात देशों की खाक छनवाई और नतीजा यह रहा कि 11 महीने तक विदेशी जेलों में युवक को प्रताडना झेलनी पड़ी। ठग एजेंट ने झांसा देकर किसान की मेहनत की 40 लाख की कमाई ऐंठ ली। किसान मुकेश कुमार ने बताया कि तरावड़ी निवासी एजेंट ने उनके रिश्तेदारों के माध्यम से संपर्क साधा था। एजेंट ने दावा किया था कि वह उसके बेटे यशविंदर को वैध ढंग से अमेरिका पहुंचा देगा। सौदा 40 लाख रुपये में तय हुआ। पिता ने जमीन और जमापूंजी जोडकर किस्तों में एजेंट को पूरी रकम दे दी।

## नहीं हो पाया अविश्वास प्रस्ताव, अधिकारी करते पार्षदों का इंतजार

# कलायत ब्लाक समिति वाइस चेयरपर्सन की कुर्सी सलामत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कलायत

कलायत ब्लाक समिति वाइस चेयरपर्सन सोमपति के खिलाफ चेयरपर्सन ज्योति बढ़सीकरी खेमे द्वारा अविश्वास लाने की रणनीति विफल हो गई। दोपहर 12 बजे होने वाली अविश्वास बैठक को प्रक्रिया अनुसार संपन्न करवाने को एडीसी सुशील बतौर चुनाव अधिकारी पूरा समय बीडीपीओ रीतू शर्मा की मौजूदगी में सदस्यों के आने की इंतजार करते रहे। जब दोपहर के 12:30 तक तक कोई सदस्य बैठक में हिस्सा लेने नहीं पहुंचा तो चुनाव अधिकारी ने बैठक को रद्द करने की घोषणा की। इस तरह अविश्वास बैठक विफल होने के साथ ही वाइस चेयरपर्सन सोमपति बालू को कुर्सी से हटाने का सियासी संकट टल गया। अब समिति में वाइस चेयरपर्सन के खिलाफ एक वर्ष तक अविश्वास नहीं लाया जा सकेगा। वाइस चेयरपर्सन के अनुसार वे सभी सदस्यों को साथ लेकर काम करती आई हैं। इसलिए सदस्यों का पूरा समर्थन उनके साथ है। वर्ष 2022 में पंचायती राज आम चुनाव संपन्न हुए थे। इसके करीब तीन वर्ष बाद वाइस चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास लाने की रणनीति चेयरपर्सन ज्योति बढ़सीकरी खेमे ने तैयार की थी। इसके लिए पिछले काफी समय से रणनीति बनाने का सिलसिला जारी था। चेयरपर्सन खेमे द्वारा अपने पक्ष में 22 में से 18 सदस्यों का समर्थन हासिल होने का दावा किया गया था। अविश्वास बैठक की कार्यवाही को शुरू करने के लिए 15 सदस्यों का सभागार में हाजिर होना जरूरी है। जिस प्रकार सदन में कोई सदस्य उपस्थिति नहीं हुआ उससे यह जाहिर होता है कि अविश्वास बैठक के समय तक चेयरपर्सन के साथ सदस्यों की संख्या 15 से कम रही होगी। इसी वजह से उन्होंने सदन से दूरी बनाए रखी। उधर वाइस चेयरपर्सन का अविश्वास बैठक से दूर रहना स्वाभाविक भी था क्योंकि उनकी गैर मौजूदगी से ही इस बैठक को विफल बनाया जा सकता था।



कलायत। ब्लाक समिति सभागार में मौजूद एडीसी सुशील व बीडीपीओ रीतू शर्मा व ब्लाक समिति सभागार में खाली पड़ी सदस्यों की कुर्सियां।



### कोरम पूरा नहीं हो पाया


ब्लाक समिति में प्रशासन द्वारा अविश्वास बैठक को लेकर तमाम तैयारियां की गई थी। सुरक्षा एवं व्यवस्था को चाकचबंद बनाया गया था। लेकिन बैठक में कोरम पूरा न होने के कारण अविश्वास प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं हो पाई।

# गश्त पर निकले आरपीएफ के दो जवानों से मारपीट, छह नामजद

- एक जवान का अपहरण कर गांव ले गए आरोपित, पुलिस ने छुड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जींद-पानीपत रेलवे लाइन पर गांव सुंदरपुर के निकट गश्त कर रहे आरपीएफ के दो जवानों के साथ बाइक सवार लगभग आधा दर्जन लोगों ने मारपीट की। मारपीट के दौरान एक जवान की वर्दी भी फट गई। आरोपित एक सिपाही का अपहरण कर अपने साथ ले गए। जिसे बाद में पुलिस ने छुड़ाया। सदर थाना पुलिस ने आरपीएफ जवान की शिकायत पर छह लोगों के खिलाफ मारपीट करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपहरण करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरपीएफ के सिपाही प्रवीण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने साथी सिपाही संदीप के साथ चोरी रोकने के लिए जींद-पानीपत रेलवे लाइन पर गश्त कर रहा था। गांव सुंदरपुर से गांव पिंडारा की तरफ जाते समय उन्हें दो बाइकों पर छह संदिग्ध लोग सवार मिले। संदेह के आधार पर उन्होंने उन्हें रोक पर पूछताछ करनी चाही तो आरोपित गाली गलौज पर उतर आए। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपितों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसकी वर्दी फट गई। मारपीट के दौरान वह पेडों में जा गिरा और घटना की सूचना डायल 112 तथा आरपीएफ थाना को दी। आरोपित सिपाही संदीप को अपने जबरन अपने साथ ले गए। बाद में पुलिस ने संदीप को गांव से छुड़ाया था।



# राम गोपाल वर्मा ने धुरंधर की तारीफों के बांधे पुल

**मुंबई।** फिल्म निर्माता और निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने एक बार फिर से निर्देशक आदित्य धर और उनकी इस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' की तारीफों के पुल बांधे। अपनी 10वीं पोस्ट में वर्मा ने आदित्य की तुलना दिग्गज अमेरिकी फिल्म निर्माता फ्रांसिस फोर्ड कोपोला के काम से की। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'कोपोला से आदित्य धर तक- एक निर्देशक का विकास सिर्फ पहले आए निर्देशकों से सीखकर नहीं होता, बल्कि बाद में आने वाले निर्देशकों से भी होता है। इसी तरह, आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' से मुझे कुछ नई बातें सीखने को मिलीं।' राम गोपाल वर्मा ने आगे कोपाला की तारीफ में लिखा, 'कोपोला से मैंने गहरा और रहस्यमय ड्रामा सीखा, जिसे मैंने सत्या, कंपनी, सरकार जैसी अपनी फिल्मों में इस्तेमाल करने की कोशिश की। लेकिन, धुरंधर दिखाता है कि यह तरीका बड़े स्तर पर और ज्यादा प्रभावी हो सकता है। ऐसे सीन लिखना, जहां दर्शक समझने से पहले ही सब कुछ महसूस कर लें, यह एक नया तरीका है। राम गोपाल वर्मा ने आगे लिखा, 'मैं मुख्यधारा के भारतीय निर्देशकों में से पहला था, जिसने हीरो को ज्यादा बढ़ा चढ़ाकर दिखाने से मना किया।

लाइफ Style



# जान्हवी
## मॉब लिंचिंग पर फूटा गुस्सा

एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दीपू चंद दास की मॉब लिंचिंग का जिक्र करते हुए इसे 'कत्लेआम' करार दिया। जान्हवी कपूर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह इस मुद्दे पर जानकारी लें, सवाल उठाएं और सांप्रदायिक भेदभाव का विरोध करें।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अंग्रेजी में पोस्ट किया। उसमें लिखा, 'दीपू चंद्र दास... यह कत्लेआम है और यह कोई अकेली घटना नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अगर इन सबके बाद भी गुस्सा नहीं आता तो यह गलत और दोहरा व्यवहार है जो सबके लिए खतरनाक है। उन्होंने लिखा, 'बांग्लादेश में जो हो रहा है, वह देखकर अगर आपको गुस्सा नहीं आ रहा तो यह दोहरा व्यवहार है, जो हम सबको खत्म कर देगा। हम दुनिया के दूसरे कोने में किसी घटना पर दुख जताते हैं। हम दूर की घटनाओं पर रोते हैं, लेकिन अपने भाई-बहनों को जलते देखते रहते हैं।' जान्हवी ने स्पष्ट रूप से सांप्रदायिक कट्टरपंथ की निंदा की और अपनी बात रखते हुए आगे लिखा, 'किसी भी तरह का सांप्रदायिक भेदभाव और कट्टरपंथ, चाहे हम पीड़ित हों या आरोपी, हमें अपनी इंसानियत भूलने से पहले इसकी बुराई करनी चाहिए। हम मोहरे हैं जो मानते हैं कि हम एक अनदेखी लाइन के दोनों तरफ हैं। इसे पहचानें और खुद को जानकारी से लैस करें ताकि आप उन बेगुनाह लोगों के लिए खड़े हो सकें जो इस सांप्रदायिकता में अपनी जिंदगी खोते जा रहे हैं और इससे डरे हुए हैं।' बता दें कि बांग्लादेश में 27 साल के हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ ने कथित ईशनिंदा के आरोप में बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी और शव को आग लगा दी थी।

हॉलीवुड मसाला



# सौतेली मां पेगी डिकैप्रियो पहनती हैं पगड़ी

**लॉस एंजिल्स।** 'टाइटैनिक' एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो का भारत से भी एक गहरा कनेक्शन है। लियोनार्डो डिकैप्रियो ने अपने एक इंटरव्यू में अपने परिवार के बारे में बात की थी और बताया था कि उनकी सौतेली मां सिख हैं। मेरे पिता हिप्पी काउंटर कल्चर से आते हैं और उनका पालन-पोषण सैन फ्रांसिस्को और लॉस एंजिल्स में हुआ। वे 70 के दशक के लॉस एंजिल्स में अंडरग्राउंड आर्ट मूवमेंट से जुड़े कई लोगों के साथ समय बिताते थे।' उनकी सौतेली मां, पेगी डिकैप्रियो अमृतधारी सिख हैं। पेगी डिकैप्रियो पगड़ी पहनती हैं और अक्सर पारंपरिक भारतीय कपड़ों में नजर आती हैं। खबरों के मुताबिक, उन्होंने कई साल पहले इस सम्प्रदाय को अपनाया था, लेकिन पगड़ी पहनना उन्होंने कुछ ही साल पहले शुरू किया।




# 'अवतार 3' बनी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली विदेशी फिल्म

**मुंबई।** जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' भारत में इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इसने यह कामयाबी सिर्फ सात दिनों में हासिल की है। 'अवतार 3' ने हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' के लाइफटाइम इंडिया कलेक्शन को पीछे छोड़कर इस साल विदेशी फिल्मों में पहला स्थान प्राप्त कर लिया है। 'अवतारः फायर एंड ऐश' ने अब तक 111.07 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। वहीं, इस साल रिलीज हुई ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' ने भारत के बॉक्स ऑफिस पर कुल 105.07 करोड़ रुपए कमाए थे। 'अवतार 3' से पहले कमाई के मामले में 'एफ1' टॉप पर थी। 'अवतार' फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 19 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। बताया जाता है कि इन दिनों सिनेमाघरों में फिल्म 'धुरंधर' चल रही है, जिसकी वजह से 'अवतार 3' को कम दर्शक मिल रहे हैं। 'धुरंधर' की लहर के बावजूद उम्मीद है कि 'अवतार 3' की कमाई दूसरे हफ्ते में 200 करोड़ रुपए के करीब पहुंच सकती है।



# समांथा ने शेयर की भूत शुद्धि विवाह की तस्वीरें

**नई दिल्ली।** साउथ की स्टार समांथा रुथ प्रभु की फैन फॉलोइंग बहुत तगड़ी है। फैंस उन्हें बहुत पसंद करते हैं और उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में सब जानना चाहते हैं। समांथा के लिए साल 2025 बहुत खास रहा है। अपने प्रोडक्शन हाउस से लेकर शादी करने तक समांथा की लाइफ में इस साल बहुत कुछ हुआ है। समांथा ने सोशल मीडिया पर अपनी लाइफ की 15 खास तस्वीरें शेयर की हैं। जिसे देखकर हर कोई अंदाजा लगा रहा है कि ये साल समांथा के लिए कितना खास रहा है। समांथा ने क्रिसमस की शादी को अपने बिजी साल की फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में सामंथा की शादी की अनदेखी तस्वीरें हैं। जिसमें वो दुल्हन के जोड़े में पति राज के साथ बैठी नजर आ रही हैं। एक में शरारती चेहरा बना रही हैं। समांथा की मेहंदी से लेकर क्रिसमस तक की झलक उनकी फोटोज में देखने को मिली है।



# दायरा की शूटिंग पूरी अगले साल होगी रिलीज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार की नई क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दायरा' की शूटिंग को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। जिसे खुद इस फिल्म के एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'दायरा' की निर्देशक मेघना गुलजार और अभिनेत्री करीना कपूर खान सहित एक खास तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर इसलिए खास है ,क्योंकि यह 'दायरा' के सेट से है। पृथ्वीराज ने इस शानदार तस्वीर को शेयर किया और कैप्शन में लिखा, दायरा की शूटिंग पूरी हो चुकी है। सेट की कहानी जल्द ही दुनिया भर के दर्शकों के लिए 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित फिल्म 'दायरा' की शूटिंग अब खत्म हो चुकी है। जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियोज द्वारा निर्मित यह फिल्म अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है।

टीवी मसाला



# टीआरपी रेटिंग में पहले नंबर पर क्योंकि..2 और अनुपमा

**नई दिल्ली।** 50वें हफ्ते की टीआरपी को देखकर फैंस जरूर सरप्राइज हो जाएंगे। इस लिस्ट में इस बार नंबर पर एक ही शो है, लेकिन रेटिंग के मामले में दो टीवी शोज बराबर पर हैं। इस बार पहले नंबर पर दो शोज हैं- 'अनुपमा' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2'। वैसे देखा जाए तो ये दोनों ही शोज दर्शकों के पसंदीदा टीवी सीरियल्स में से टॉप पर रहते हैं। 50वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को नंबर वन और 'अनुपमा' को दूसरा स्थान मिला है। लेकिन, रेटिंग के मामले में दोनों को 2.0 की रेटिंग मिली है। इस बार तीसरे नंबर पर टीवी सीरियल 'तुम से तुम तक' ने अपनी जगह बना ली है। इस बार 'तुम से तुम तक' को 1.9 की रेंटिंग मिली है। वहीं, इससे पहले 49वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह सीरियल पांचवें स्थान पर था। लेकिन, रेटिंग के मामले में दोनों हफ्ते बराबर हैं। इस बार चौथे नंबर पर टीवी शो 'वसुधा' ने अपनी जगह बना ली है। इस सीरियल को 1.9 की रेटिंग मिली है। जबकि पिछली बार 49वें हफ्ते की लिस्ट में 'वसुधा' सीरियल टॉप पांच की लिस्ट में शामिल ही नहीं था। इस बार पांचवे स्थान पर टीवी सीरियल 'गंगा मां की बेटियां' को जगह मिली है। इस सीरियल को इस बार 1.8 की रेटिंग मिली है। यह सीरियल भी 'वसुधा' की तरह पिछली टीआरपी रेटिंग लिस्ट में शामिल नहीं था।

## डिसऑर्डर से जूझ रही हैं नेहा

**नई दिल्ली।** सिंगर और एक्स बिग बॉस कंटेस्टेंट नेहा भसीन ने बताया था कि उन्होंने 2003 में अपना कॅरियर शुरू किया था और 2007 से ही उन्हें फैट बर्नर दिए जाने लगे थे, बिना यह सोचे कि उस कम उम्र में उन पर क्या प्रभाव पड़ेगा। वहीं, नेहा ने साल 2024 में खुलासा किया था कि वह अभी प्रीमेंस्ट्रुअल डिस्फोरिक डिसऑर्डर से जूझ रही हैं। वह टीनएज से इसका सामना कर रही हैं। नेहा भसीन के कॅरियर और स्ट्रगल की बात करें, तो 42 वर्षीय सिंगर एक परफॉर्मर भी हैं और खुद ही अपने गाने भी लिखती हैं। वह 9 साल की उम्र से गाने गा रही हैं और कई म्यूजिक वीडियोज कर चुकी हैं। हालांकि, 20 साल की उम्र में नेहा भसीन ने सुसाइड की कोशिश की थी। उन्होंने इसकी वजह भी बताई थी। नेहा भसीन ने भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में बताया था कि जब वजन 50 किलो था, तो भी उन्हें बॉडीशेम किया गया था। टीवी की स्क्रीन पर उनके पेट पर घेरा बनाकर दिखाया गया था कि उनका फैट बहुत ज्यादा है, तो इसलिए उनका म्यूजिक वीडियो रिलीज नहीं किया जा सकता।



# भारत में कई हॉलीवुड सेलेब्स ने चलाया अपना जादू

**मुंबई।** साल 2025 में भारत में कई बड़े इवेंट्स देखने को मिले। म्यूजिक कॉन्सर्ट हुए, महाकुंभ जैसा भव्य आयोजन हुआ। इन मौकों पर कई हॉलीवुड सेलेब्स भी चर्चा का विषय बने। भारतीय दर्शकों के बीच इंडियन सिनेमा से जुड़े एक्टर्स, सिंगर को लेकर जितना क्रेज है, उतना ही क्रेज हॉलीवुड सेलेब्स को लेकर भी देखा जाता है। साल 2025 में कई हॉलीवुड सेलेब्स अलग-अलग वजहों से भारत आए। कुछ सेलेब्स की तो काफी चर्चा रही।

### उदयपुर की शादी में जेनिफर ने किया परफॉर्म

हॉलीवुड की मशहूर सिंगर जेनिफर लोपेज को हाल ही में भारत में देखा गया। वह एक अमेरिकी अरबपति की बेटी (नेत्रा मंटेना) की शादी में परफॉर्म करने लिए उदयपुर आई थीं। उनकी डांस, सिंगिंग परफॉर्मेंस सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुईं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस परफॉर्मेंस के लिए जेनिफर लोपेज ने लगभग 18 करोड़ रुपए चार्ज किए थे।



### एड शीरन ने अरिजीत संग गाया सफायर सॉन्ग

*ब्रिटिश सिंगर एड शीरन इस साल दो बार भारत में चर्चा में रहे। साल की शुरुआत में उन्होंने 'मैथमेटिक्स टूर' नाम का म्यूजिक कॉन्सर्ट किया। इस म्यूजिक कॉन्सर्ट को खूब पसंद किया गया। वहीं, इसी साल एड शीरन ने एक गाना सफायर लॉन्च किया, इसमें अरिजीत सिंह ने उनके साथ गाना गया। इंग्लिश गाने में अरिजीत ने पंजाबी और हिंदी में गाना गाया था। गाने में शाहरुख खान भी दिखे। साथ ही इस गाने में भारत की शानदार झलक भी सिंगर एड शीरन ने दिखाई।*

### एकॉन ने किया म्यूजिक टूर, सिंगर संग हुई बदसलूकी

शाहरुख खान की फिल्म 'रा-वन' में 'छम्मक छल्लो'गाना गाकर भारतीय दर्शकों के बीच पॉपुलर हुए थे अमेरिकी सिंगर एकॉन। नवंबर महीने में उन्होंने 'इंडिया टूर 2025' नाम का म्यूजिक कॉन्सर्ट किया। उनके कई गाने भारतीयों को पसंद है, इसमें स्मैक दैट और लोनली जैसे गाने सबसे ज्यादा पॉपुलर रहे हैं। एकॉन ने दिल्ली, बेंगलुरू और मुंबई में परफॉर्म किया। लेकिन, बेंगलुरू में हुए कॉन्सर्ट के दौरान इस सिंगर के साथ बदसलूकी भी हुई। कुछ लोगों ने उनकी पैंट खींची, इससे वह असहज हो गए।

# गर्लफ्रेंड गौरी के साथ नए साल के वेकेशन पर निकले आमिर

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार आमिर खान अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट, भतीजे इमरान खान और परिवार के बाकी सदस्यों के साथ आज मुंबई एयरपोर्ट पर दिखाई दिए। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आमिर परिवार समेत नए साल की छुट्टियां मनाने मुंबई एयरपोर्ट से रवाना हुए। इस वीडियो में आमिर खान इमरान खान के साथ नजर आ रहे हैं। इमरान ने एयरपोर्ट में एंट्री से पहले चाचा के साथ फोटो खिंचवाईं। आमिर कैजुअल कपड़ों में दिखाई दिए। उन्होंने पफ जैकेट पहनी हुई है, जिससे लग रहा था कि परिवार किसी ठंडी जगह (हिल स्टेशन) जा रहा है।



### दादासाहेब फाल्के की बायोपिक पर चल रहा काम

*गौरी स्प्रैट अपने बेटे के साथ एयरपोर्ट पर आमिर के साथ दिखाई दीं। आमिर की दोनों पूर्व पत्नियां रीना दत्ता और किरण राव से अच्छे संबंध हैं। रीना से शादी 1986 से 2002 तक चली। वे बचपन के दोस्त थे। रीना से उनके दो बच्चे हैं- जुनैद खान और इरा खान। किरण राव से 2005 में शादी हुई और 2021 में अलग हो गए। किरण से उनका बेटा आजाद है। आमिर की आने वाली फिल्मों में सनी देओल वाली 'लाहोर 1947' का निर्माण शामिल है। कथित तौर पर '3 इडियट्स' का सीक्वल भी बन सकता है। साथ ही दादासाहेब फाल्के की बायोपिक पर काम चल रहा है।*

## किसी के तथ्यों पर सवाल उठे, किसी पर समुदाय को लेकर हुए विरोध
# इस साल इन फिल्मों पर रहा विवाद, जमकर हुआ हंगामा

एजेंसी ⏭ मुंबई

सिनेमा के लिहाज से साल 2025 काफी खास रहा है। बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में रिलीज हुईं। रोमांटिक ड्रामा से लेकर ऐतिहासिक और एक्शन तक, अलग-अलग तरह की फिल्मों का जादू दर्शकों पर चला। मगर, कुछ फिल्में ऐसी भी रहीं, जिन्हें लेकर विवाद हुए। कुछ पर तो रिलीज से पहले जमकर हंगामा हुआ। किसी के तथ्यों पर सवाल उठे, किसी पर समुदाय को लेकर विरोध हुए।

### छावा

विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। यह 14 फरवरी 2025 को रिलीज हुई। इस फिल्म की खूब तारीफ हुई। मगर जब इसका ट्रेलर रिलीज हुआ था तो कुछ सीन के विरोध में कई जगह विरोध प्रदर्शन हुए। खासकर संभाजी महाराज के डांस सीन दर्शकों को पसंद नहीं आए, जिनमें निर्माताओं को बदलाव करने पड़े।

### उदयपुर फाइल्स

फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' इस साल अगस्त में रिलीज हुई। यह फिल्म कथित तौर पर साल 2022 की कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित थी। इसे लेकर काफी विवाद हुए। इस फिल्म पर फरत फैलाने और एक समुदाय विशेष को गलत दिखाने जैसे आरोप लगे। इसकी रिलीज पर दिल्ली हाईकोर्ट ने रोक लगाई, लेकिन कानूनी लड़ाई के बाद रिलीज हुई। सेंसर बोर्ड ने इसके कई सीन्स हटाए थे।




### द ताज स्टोरी

परेश रावल अभिनीत इस फिल्म ने इस साल अक्तूबर में सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। इसकी रिलीज से पहले इसे लेकर खूब विरोध प्रदर्शन हुए। इसके तथ्यों पर सवाल उठाए गए। फिल्म पर आरोप लगे कि इसमें गलत जानकारी फैलाकर समाज में तनाव पैदा कर सकती है। इसके खिलाफ कोर्ट में कई याचिकाएं दायर हुई थीं।

### द बंगाल फाइल्स

विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर खूब विवाद हुए। इस फिल्म के ट्रेलर रिलीज के दौरान तो जमकर हंगामा हुआ था। यह फिल्म 05 सितंबर 2025 को रिलीज हुई। यह 1946 की हिंसा पर आधारित है। इसे लेकर मेकर्स पर पॉलिटिकल एजेंडा फैलाने के आरोप लगे। पश्चिम बंगाल में इसकी रिलीज पर रोक लगी और कई जगह विरोध प्रदर्शन हुए।




### इमरजेंसी

इस साल 17 जनवरी को कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज हुई। इसमें अभिनेत्री और भाजपा सांसद पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की भूमिका में दिखीं। उनकी इस फिल्म पर काफी विवाद हुआ। इस फिल्म के निर्देशन की कमान खुद कंगना ने संभाली। यह फिल्म 1975 में लगे आपातकाल पर आधारित थी। फिल्म पर ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर दिखाने के आरोप लगे। सिख संगठनों ने समुदाय की गलत छवि दिखाने का दावा किया। जनवरी में आने से पहले 'इमरजेंसी' की रिलीज कई बार टली थी।

### जाट

अभिनेता सनी देओल और रणदीप हुड्डा की 'जाट' इस साल अप्रैल में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के एक चर्च सीन को लेकर ईसाई समुदाय ने नाराजगी जाहिर की थी। फिल्म पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा। शिकायत दर्ज हुई और विरोध के बाद मेकर्स ने विवादित सीन हटा दिया।

### फुले

इस फिल्म में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा लीड रोल में नजर आए। फिल्म 25 अप्रैल को थिएटर्स में लगी थी। ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले की बायोपिक में ब्राह्मण समुदाय को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगा। कई जगह ब्राह्मण संगठनों ने विरोध किया। इस फिल्म की रिलीज टली और सेंसर बोर्ड ने कई कट्स लगाए। इसके बाद रिलीज को हरी झंडी मिली।

## खबर संक्षेप

### डीएन मॉडल स्कूल में मनाया वीर बाल दिवस

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल में सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के अद्वितीय साहस एवं धर्म की रक्षा के लिए बलिदान के लिए वीर बाल दिवस मनाया गया। चारों साहिबजादों के बलिदान के लिए विद्यालय के हर सदस्य के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। बच्चों ने कविता, कहानी, भाषण के द्वारा वीर बाल दिवस के महत्व का बखान किया गया।

### पीडबल्यूडी कर्मचारी 29 को करेंगे प्रदर्शन

**जींद।** हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की कार्यकारी अभियंता के लिखित बुलावे पर कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगों पर बातचीत हुई। कार्यकारी अभियंता के अड़ियल रवैया व तानाशाही व्यवहार के कारण बातचीत बीच में ही टूट गई। जिस पर संगठन ने 29 को कार्यकारी अभियंता मंडल एक जींद कार्यालय के समक्ष नारेबाजी, कार्यालय का घेराव व शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन का फैसला लिया है।

### महाराजा अग्रसेन स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया

**जींद।** स्थानीय महाराजा अग्रसेन कवमावि में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रातःकालीन बाल सभा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने कविता पाठ, भाषण, देशभक्ति व प्रश्नोत्तरी के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान को याद किया। तत्पश्चात प्राइमरी कक्षा के बच्चों को प्रोजेक्टर पर चार साहिबजादे फिल्म दिखाई।

### विभिन्न मुद्दों पर ब्राह्मण धर्मशाला में बैठक कल

**जींद।** विभिन्न सामाजिक मुद्दों लिव इन रिलेशन व ब्राह्मण खापों के गठन को लेकर 28 जनवरी को जींद के सफीदों रोड स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में एक बैठक होगी। ब्राह्मण सभा जींद के पूर्व प्रधान राजेश शर्मा और सतरोल खाप से जुड़े राम अवतार शर्मा ने बताया कि बैठक में सामाजिक मुद्दों पर गहन चिंतन करने के लिए के लिए ब्राह्मण सामाजिक संगठनों व ब्राह्मण खाप प्रतिनिधियों, सरपंच, जिप सदस्यों व अन्य सामाजिक विभूतियों को आमंत्रित किया।

### अलग-अलग स्थानों से दो युवतियां लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। गांव किलाजफरगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकात में बताया कि गत दिवस उसकी 25 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई।

### स्टोरिये से 16620 रुपये नकदी बरामद

**कैथल।** थाना सीवन पुलिस द्वारा एक सटोरिये को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 16620 रुपये नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सीवन पुलिस के एचसी जरनैल सिंह की टीम को सांयकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली की गुगा मेडी सैंसी बस्ती सीवन के पास से आरोपी सीवन निवासी राहुल को काबू कर लिया गया। जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से 16620 रुपये सट्टा राशि बरामद हुई।

### शहीद गुरदीप सिंह स्कूल में ट्विनिंग प्रोग्राम हुआ

**गुहला चीका।** छात्रों के सर्वांगीण विकास तथा शैक्षिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग जिला शिक्षा अधिकारी कैथल के मार्गदर्शन व खंड शिक्षा अधिकारी के कुशल नेतृत्व मे शहीद गुरदीप सिंह राजकीय विद्यालय अगोंध में शारदा पब्लिक स्कूल दुसेरपुर के साथ ट्विनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया।

### होम साइंस प्रैक्टिकल में दिखाया पाक-कला कौशल

**राजौंद।** गांव जाखौली के आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में होम साइंस विषय की प्रैक्टिकल गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पकौड़े एवं समोसे बनाकर अपने पाक कला कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस प्रैक्टिकल का उद्देश्य विद्यार्थियों को पोषण स्वच्छता संतुलित आहार तथा भोजन बनाने की सही विधियों की व्यावहारिक जानकारी देना रहा।

---

*बस स्टैंड के पास भगवान परशुराम धर्मशाला में अटल स्मृति दिवस मनाया*

# भारत रत्न वाजपेयी जी ने शासन को सुशासन बनाया : देवेंद्र अत्री

*जनकल्याणकारी योजनाओं से बदली देश की तस्वीर*

**विकसित भारत 2047 का सपना युवाओं की भागीदारी से ही साकार होगा**



**उचाना।** ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्रीए जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढूल एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

बस स्टैंड के पास भगवान परशुराम धर्मशाला में अटल स्मृति दिवस मनाया गया। मुख्यअतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे तो अध्यक्षता जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढूल ने की। वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक रहा है। उनके द्वारा स्थापित सुशासन की परंपरा आज भी देश के विकास की दिशा तय कर रही है। सुशासन दिवस का उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और जनहितकारी नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करना है। अत्री ने कहा कि सुशासन की मजबूत नींव अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में रखी। जिसे वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने और अधिक सशक्त और व्यापक रूप प्रदान किया। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हर वर्ष 25 दिसंबर को गुड गवर्नेंस डे मनाया जाता है। इसी क्रम में उचाना में कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रदेश के 87 शहरी स्थानीय निकायों में किसी न किसी पार्क या भवन का नाम अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखा गया है। इन स्थानों पर उनकी जीवनीए चित्र और प्रतिमा स्थापित की जाएगीए ताकि युवा पीढ़ी उनके विचारों और आदर्शों से प्रेरणा ले सके। पूर्व पीएम अटल बिहार वाजपेयी के नेतृत्व में ग्राम सड़क योजनाए दूरसंचारए शिक्षाए राष्ट्रीय सुरक्षाए महिला सशक्तिकरण और युवा कल्याण जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। आज डीबीटी और जन-धन खातों के माध्यम से योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। विकसित भारत 2047 का सपना युवाओं की भागीदारी से ही साकार होगा। आने वाला भारत आत्मनिर्भर मजबूत और विकसित राष्ट्र बनेगा।

#### कांग्रेस हो चुकी है शून्य

इनेलो नेता अभय चौटाला द्वारा भाजपा को सत्ता छोडने पर मजबूर कर देने के बयान पर अत्री ने कहा कि हम तीसरी बार सत्ता में आए लोगों ने बहुमत दिया है। मजबूर तो इन लोगों को कर दिया है इनको जनता ने सबक सिखाने का काम किया है। भाजपा की तीसरी बार लगातार सरकार प्रदेश में बनी है। प्रदेश के मतदाताओं का आभार प्रकट करते है। कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह की सदभाव यात्रा पर विधायक ने कहा कि सदभाव यात्रा सिर्फ अपने आका राहुल गांधी को खुश करने के लिए निकाली जा रही है। इसके अलावा इस यात्रा का कोई उद्देश्य नहीं है। कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों पर विधायक ने कहा कि कांग्रेसी सड़कों पर चिल्लाते है वोट चोरी लेकिन जब जबाव विधानसभा में दे रहे होते है तो वहां से वाकआउट कर जाते है। कांग्रेस का मकसद लोगों को गुमराह करना है। कांग्रेस के पास आज कोई मुद्दा नहीं है। कांग्रेस जीरो हो चुकी है। इस मौके पर चेयरमैन अमरपाल राणा, सुरेंद्र खरकभूरा, रामचंद अत्री, श्रवण मांडी, संजय चहल, सतीश जांगड़ा, सतीशो देवी, शमशेर अलेवाए प्रवीण गर्गए पंकज करसिंधुए विकास श्योकंदए रमेश काकड़ोद मौजूद रहे।

---

# विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

रामा सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुतुबपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान से संबंधित विभिन्न आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी सुशील प्रकाश तथा डॉ. विनय गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों का अवलोकन किया और उनके प्रयासों की सराहना की।




रामा स्कूल कुतुबपुर में शिरकत करते डीएसपी सुशील प्रकाश तथा डॉ. विनय गुप्ता।

#### गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक

इस प्रदर्शनी में रामा सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुताबपुर के विद्यार्थियों के साथ-साथ रामा नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने भी विज्ञान से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक सुभाष संधू एवं सुमन संधू ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू के साथ-साथ पूजा, कामिनी एवं सोनिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।



**कैथल।** खेलों में दमखम दिखाते ओएसडीएवी स्कूल के विद्यार्थी।

### खेल दिवस पर विद्यार्थियों ने बहाया पसीना

**कैथल।** ओएसडीएवी स्कूल के प्रांगण में विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन और मुख्य अतिथि के रूप में सुमन निझावन, क्षेत्रीय अधिकारी की उपस्थिति में 24 दिसंबर, को वार्षिक खेल दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साह पूर्वक मनाया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों, लड़ियों एवं झंडियों से सजाया, जिससे विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल प्रतीत हो रहा था। प्रधानाचार्या द्वारा मुख्य अतिथि का अभिनंदन और स्वागत किया गया। बच्चों को शुभाशीष और शुभकामनाएं देते कहा कि खेलों में पुरस्कार जीतने से भी अधिक महत्व खेलों में भाग लेने का होता है और हमें जीत और हार दोनों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए । सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मशाल प्रज्वलन से हुआ। इसके उपरांत विद्यालय के भिन्न-भिन्न सदनों की टुकड़ियों ने मुख्य अतिथि को अनुशासनबद्ध एवं जोशपूर्ण मार्च-पास्ट द्वारा सलामी दी।

### शहीदी जोड़ मेले के दूसरे दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**सीवन।** नगर में चल रहे सालाना शहीदी जोड़ मेले के दूसरे दिन श्रद्धा और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ समागम स्थल पर उमड़ पड़ी। दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव से माथा टेका और गुरु का प्रसाद ग्रहण किया। ठंड के बावजूद सेवा और भक्ति में कोई कमी नहीं दिखी। मेले के दूसरे दिन प्रातःकाल से ही लंगर सेवा का शुभारंभ कर दिया गया था। कैथल–पटियाला मुख्य मार्ग पर चाय व बिस्किट लंगर की व्यवस्था की गई, जहां राहगीरों व श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं समागम स्थल के अंदर वधवा शैलर के भीतर रोटी सब्जी प्रसाद का लंगर चलाया गया। क्षेत्र के हजारों लोगों ने यहां पहुंचकर गुरु का लंगर ग्रहण किया और सेवा भाव का परिचय दिया। इस अवसर पर चल रहे श्री अखंड पाठ साहिब का श्रद्धालुओं ने शांत मन से श्रवण किया। संगत ने गुरु इतिहास को याद करते हुए बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को नमन किया। पूरा वातावरण गुरु वाणी के जाप और जयकारों से भक्तिमय बना रहा।

---

### जुलाना में मनाया अटल स्मृति सम्मेलन

**जुलाना।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती को अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला में हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने शिरकत की। संबोधित करते कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है लेकिन 101वीं जयंती को और खास बनाने के लिये भाजपा ने विधानसभा और नगर निगम स्तर पर अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित करने का इस वर्ष फैसला लिया है। कैप्टन योगेश ने कहा कि हम सबको पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से धैर्य, अनुशासन, सहनशीलता, विपक्षियों को भी सम्मान देना, सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सबको साथ लेकर चलने की कला जैसी आदतों को सीखना चाहिए। अटल के विकसित भारत के सपने को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं। जिसमें हम सब को भी अपने हिस्से का योगदान देना है। भाजपा जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल, नगर पालिका उपप्रधान पवन सैनी, सतीश सांगवान मौजूद रहे।



**जुलाना।** कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते कैप्टन योगेश बैरागी।



**जींद।** नारी शक्ति दिवस पर कार्यक्रम में भाग लेते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### नारी शक्ति दिवस धूमधाम से मनाया

**जींद।** भारतीय योग संस्थान अर्बन यूनिट ने नारी शक्ति दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि यशोदा देवी प्रवक्ता केमिस्ट्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि प्रत्येक नारी शक्ति को योग से जुड़ना चाहिए। जिससे हमारा शरीर स्वस्थ रह सके और बच्चे भी स्वस्थ पैदा हो नारी शक्ति का समाज व देश को समृद्ध बनाने में बहुत बड़ा योगदान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुष्पा देवी ने की। इस कार्यक्रम में 50 साधकों ने भाग लिया। शीला देवी, सावित्री देवी, ओमनी देवी तीनों ने मिल कर भजन सुनाया, जिसे सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भारतीय योग संस्थान 59 वर्षों से लगभग 4600 केंद्रों द्वारा निशुल्क सेवा दे रहा है जो साधक नियमित रूप से योग करते हैं। उनके काफी बीमारियां जड़ मूल्य से समाप्त हो जाती हैं। इस मौके पर होशियार सिंह, राज सिंह, सूरजभान शर्मा, शमशेर सिंह, यशवीर रेढ़ू, सतपाल बांगड़, पूनम देवी, रोशनी देवी, अनिल, सुनील, सुमित्रा, ऊषा रानी, सतबीर आदि मौजूद रहे।

### वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। कार्यक्रम का आयोजन यूथ एवं कल्चरल सेल द्वारा किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए ग्रुप डिस्कशन एंड पीयर लर्निंग प्रोसेस विषय पर गतिविधियां करवाई गईं। विद्यार्थियों ने समूह चर्चा एवं सहपाठी अधिगम के माध्यम से अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य सत्यवान मलिक ने वीर बालकों के अद्भुत साहस एवं बलिदान पर प्रकाश डालते कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में देशभक्ति, नैतिक मूल्यों एवं नेतृत्व क्षमता के विकास में सहायक होते हैं। शर्मिला ने अपने विचार व्यक्त करते कहा कि वीर बाल दिवस हमें त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है तथा इस प्रकार की समूह चर्चा एवं पीयर लर्निंग गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करती हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शर्मिला ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



**जींद।** बच्चों को संबोधित करते शर्मिला। *फोटो :हरिभूमि*



रक्तदाताओं को बैज लगा हौसलाअफजाही करते एडीसी प्रदीप कुमार।

### बाल भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन

**जींद।** जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर बाल भवन में शुक्रवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्यअतिथि एडीसी प्रदीप कुमार पे किया। एडीसी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में एकजुटता और सेवा भाव की भावना प्रबल होती है। कार्यक्रम के अंत मे उन्होंने अपील की कि स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। जिला बाल कल्याण अधिकारी मलकीयत चहल ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह साहब के दोनों पुत्रों की शहादत को याद करने ओर उनको श्रद्धांजलि देने के लिए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप मे मनाया जाता है। अतः इस दिन को यादगार बनाने के लिए समाजहित में स्वैच्छिक रूप से शिविर में करीब 50 से ज्यादा रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार, लेखाकार कशिश, विनोद कुमार लिपिक, आशीष कुमार लिपिक व बाल कल्याण परिषद का समस्त स्टाफ बाल कल्याण परिषद के आजीवन सदस्य मौजूद रहे।

---




आंगनबाड़ी केंद्र खेड़ी राओ वाली व कसान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होते हुए।

### कसान में मनाया वीर बाल दिवस

**राजौंद।** कसान सर्कल के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र खेड़ी राओ वाली व कसान के आंगनवाड़ी केंद्र में सुपरवाइजर सावित्री देवी के निर्देशानुसार वीर बाल दिवस मनाया गया। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीलम ने बच्चों को वीर बाल दिवस के आयोजन का उद्देश्य और महत्व समझाया।महिला एवं बाल विकास अधिकारी कार्यालय से सुपरवाइजर सावित्री देवी ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी के सुपुत्र बाबा जुझार सिंह और जोरावर सिंह ने मात्र 7 साल एवं 9 साल की उम्र में अपने देश के प्रति सम्मान, अन्याय एवं अधर्म के खिलाफ आवाज उठाकर अपना बलिदान दिया। उनके साहस,दृढ़ता के गुण और बलिदान का हम सभी को सम्मान करना चाहिए। इस दौरान मेरा युवा भारत कैथल ब्लॉक की स्वयंसेविका गुरप्रीत कौर द्वारा बच्चों से चित्रकारी प्रतियोगिता करवाई गई। कहा कि वीर बाल दिवस हर साल 26 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिवस सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिब जादों- 9 वर्षीय साहिबजादा जोरावर सिंह व 7 वर्षीय साहिबजादा फतेह सिंह जी की अद्वितीय वीरता, बलिदान और अटूट धर्मनिष्ठा को समर्पित है।

## पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में निभाता है महत्वपूर्ण भूमिका : डा. रोबिन

- पशु विज्ञान केंद्र में पशु पालकों को दी पशु स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




**जींद।** किसानों को संबोधित करते डा. रोबिन।

पशु विज्ञान केंद्र में किसानों व पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किाय गया। डा. रोबिन ने किसानों को संबोधित करते कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पशुपालन के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों, वैज्ञानिक पशु प्रबंधन और उन्नत नस्लों को अपनाना आवश्यक है। कार्यक्रम में किसानों को विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक वीबी जी राम जी विधेयक 2025 प्रावधानों के बारे में जागरूक कराया गया। जिसमें पंचायतों को योजना बनाने की शक्ति तथा 125 दिनों के रोजगार की गारंटी प्रमुख है। कार्यक्रम में किसानों को पशुओं के स्वास्थ्य प्रबंधन, संतुलित आहार, टीकाकरण, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन एवं नवीन पशुपालन योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही किसानों से अपील की गई की वे प्रांत के सभी पशु विज्ञान केंद्र द्वारा दी जा रही सेवाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। कार्यक्रम में 50 किसानों ने भाग लिया।




**जींद।** जरूरतमंद बच्चों को जूते व जर्सी वितरित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### जरूरतमंदों को जूते व जर्सी वितरित की

**जींद।** छोटू राम शिक्षा समिति द्वारा संचालित शहर की सबसे प्राचीन संस्था जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कन्या शाखा रेलवे रोड पर डा. प्रवीण अहलावत व उनकी धर्मपत्नी आकांक्षा अहलावत ने सर्दी से बचने के लिए जरूरतमंद छात्र व छात्राओं को जूते व जर्सी वितरित की। जिससे छात्रों को सर्दी से बचने में राहत मिलेगी। इस अवसर पर डा. आकांक्षा अहलावत ने छात्रों का निशुल्क फुलबॉडी हैल्थ चेकअप किया व वह स्वस्थ रहने के लिए एवं बीमारियों से बचने के लिए सामान्य दिशा निर्देश व जानकारी छात्रों से सांझा की। इस अवसर पर कैप्टन रणधीर सिंह चहल ठेकेदार, गुरमेल चहल कार्यकारिणी समिति सदस्य कुलबीर सिंह चहल ने डा. प्रवीण अहलावत का धन्यवाद करते हुए आभार प्रकट किया। विद्यालय प्राचार्य सौरभ सिंह भारद्वाज ने बताया कि यह संस्था हमेशा समाज के लोगों के द्वारा दिए गए दान से सहयोग से हमेशा आगे बढ़ती रही है, यह संस्था गरीब व कमरे वर्ग के बच्चों के लिए शिक्षा का एक मजबूत स्तंभ बन कर बच्चों को एक कामयाब इंसान बनकर समाज को प्रदान कर रही है।

---

*विद्यार्थियों को वीर बाल दिवस के महत्व को जीवन में अपनाने का दिया संदेश*

# डीएवी स्कूल में वीर बाल दिवस श्रद्धा से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** कार्यक्रम में मौजूद बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। विद्यालय में वीर बाल दिवस श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित वीर बाल दिवस समारोह में वीर बालकों की गाथाओं के बारे में बताया। निदेशक हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने गुरु गोबिंद सिंह के वीर पुत्रों साहिबजादा जोरावर सिंह जी और साहिबजादा फतेह सिंह जी के बलिदान पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि कितनी कम आयु में भी उन्होंने धर्म और सत्य की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। जो आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। विद्यालय की प्रधानाचार्या रश्मि विद्यार्थी ने अपने संबोधन में कहा कि वीर बाल दिवस हमें साहस, आत्मबल और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को वीर बाल दिवस के महत्व को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया। मौके पर जिला के सभी स्कूलों में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें प्रथम स्थान पाने वाले छात्र, छात्राओं को और उस स्कूल के मुखियाओं को सम्मानित किया गया। जिन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था।

#### ये रहे मौजूद

यह प्रश्नोत्तरी देश और धर्म पर बलिदान देने वाले बालकों के जीवन पर आधारित थी। इन्हीं के जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। जिसमें 108 बालकों के चित्र लगाए गए। जिन पर मुख्यअतिथि डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसी प्रकार की एक प्रदर्शनी में वीर बाल दिवस घोषित करने की पांच साल की यात्रा का सचित्र वर्णन किया गया था। जिसे सभी अतिथियों ने बहुत सराहा। स्कूल की प्राचार्य रश्मिविद्यार्थी और कार्यक्रम की आयोजक बाल शौर्य सम्मान समिति के अध्यक्ष डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने प्रतिवर्ष बाल शहीदों पर आधारित प्रश्नोत्तरी करवाने का निर्णय लिया तथा इस वर्ष यह जिला स्तर पर करवाई गई। अगले वर्ष राज्य स्तर पर करवाई जाएगी। इस मौके पर नगर की सभी संस्थाओं की ओर से डा. कृष्ण मिड्ढा को सम्मानित किया गया तथा एक अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। इस मौके पर स्कूल के साइकिल स्टैंड आवरण का उद्घाटन कृष्ण मिड्ढा द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने ने अपने ऐच्छिक कोष से अढ़ाई लाख रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर वीर बाल गाथा नामक कॉफी बुक का विमोचन भी किया गया जो सभी दर्शकों को निशुल्क वितरित की गई।



**पाई।** डीसी से मिलने पहुंचे पाई ग्रामीण। *फोटो :हरिभूमि*

### उपायुक्त को सौंपा मांगपत्र

**पाई।** पाई के कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा दिए गए प्लाटों पर कुछ लोग उनको अपने घर बनाने नही दे रहे। इसको लेकर वे कैथल उपायुक्त को एक ज्ञापन भी देकर आए है। ग्रामीण बनारसी, भल्ला, सुदेश, गजेसिंह, श्यामलाल, सुरेन्द्र आदि ने बताया कि उनको प्रदेश सरकार के द्वारा पाई के नजदीक थेह विडाला में प्लाट अलाट किये हुये है और उन पर उनको कब्जा भी दिलवाया हुआ है। वे मिले हुये इन प्लाटों पर अपना घर बनाना चाहते है। जिस कारण से उन्होंने नींव खोद कर दिवारे आदि भी भरनी शुरु कर दी है। कुछ कमरेभी बनाये हुये है और जो जमीन खाली पड़ी है, उस पर सरसों उगाई हुई है। बताया कि कुछ लोगों ने उनकी सरसों को उखाड़ दिया है और भरी हुई नींव तथा कमरे की दिवारे तोड़ दी गई है। उनको बार-बार परेशान किया जा रहा है। इसको लेकर वे जिला प्रशासन को कई बार अवगत भी करवा चुके है और आज उपायुक्त कैथल का भी ज्ञापन दिया है कि सरकार द्वारा दिए गए प्लाटों पर उनको घर बनाने दिए जाएं।

## खबर संक्षेप

### चीका में मनाई शहीद ऊधम सिंह की जयंती

**गुहला चीका।** शहीद ऊधम सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर हरियाणा कंबोज सभा के सदस्यों ने शहर के मुख्य चौंक में स्थापित शहीद ऊधम सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कंबोज सभा के प्रधान हरजिंद्र सिंह ने कहा कि शहीद ऊधम सिंह के दिल में देश प्रेम की भावना कूट कूट कर भरी हुई थी। जरनल डायर द्वारा जलियां वाला बाग में स्वतंत्रता सेनानियों पर चलवाई गई गोलियों की घटना से ऊधम सिंह बहुत आहत हुए और उन्होंने इस घटना का बदला लेने की ठान ली, जिसके बाद ऊधम सिंह ने इंग्लैंड में जाकर जरनल डायर की गोली मारकर हत्या कर दी और अपना प्रण पूरा किया था।

### मांडी सदरां में मनाया गया वीर बाल दिवस

**कैथल।** शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में गांव मांडी सदरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आंगनवाड़ी वर्कर कोमल रानी द्वारा किया गया, जबकि समूचे आयोजन की तैयारी और गतिविधियां सीडीपीओ गुरजीत कौर के नेतृत्व व प्रेरणादायक मार्गदर्शन में सम्पन्न हुईं। विभाग की ओर से जारी निर्देशों के अनुरूप बच्चों को वीर बाल दिवस के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र में रचनात्मक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक पेंटिंग, ड्राइंग और आर्ट वर्क में हिस्सा लिया।

### डिप्टी स्पीकर डॉ. मिड्ढा ने किया गुरु तेग बहादुर द्वार का लोकार्पण

# करतारपुर कॉरिडोर की तर्ज पर जींद में बनाया श्री गुरु तेग बहादुर साहिब द्वार

**लगभग 25 लाख की राशि हुई खर्च : अनुराधा**


जींद। जींद में बना श्री गुरु तेग बहादुर साहिब द्वार। फोटो : हरिभूमि


जींद। श्री गुरु तेग बहादुर साहिब द्वार का उद्घाटन करते डिप्टी स्पीकर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि करतारपुर कॉरिडोर की तर्ज पर जींद में गुरु तेग बहादुर द्वार बनाया गया है। जो न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि सामाजिक सौहार्द और एकता का संदेश भी देता है। यह द्वार आने वाली पीढ़ियों को गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान और विचारों से जोडऩे का कार्य करेगा।

हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा शुक्रवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर जींद में नवनिर्मित गुरु तेग बहादुर द्वार का विधिवत उद्घाटन करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डिप्टी स्पीकर ने श्री गुरू तेग बहादुर सिंह जी गुरुद्वारा में पहुंच कर गुरु ग्रंथ साहिब पर माथा टेक नमन किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने सरकार से मांग की थी कि इस तरह के द्वारा गुरू जी की याद में अन्य जगह भी बनाए जाए जाने चाहिए। गुरु तेग बहादुर का बलिदान मानवता, धर्म, स्वतंत्रता और सत्य की रक्षा के लिए दिया गया वह सर्वोच्च उदाहरण है। जिसकी तुलना दुनिया में कहीं नहीं मिलती। हरियाणा सरकार संत, महापुरुषों की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य समाज में भाईचारा, आपसी सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करना है। ऐसे स्मारक और द्वार इतिहास को सहेजने के साथ-साथ युवाओं को अपने गौरवशाली अतीत से परिचित कराते हैं। गुरु तेग बहादुर ने धर्म, संस्कृति और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा।


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।


जींद। डीएवी स्कूल में कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगा

नगर परिषद की अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह द्वारा का निमार्ण नगर परिषद द्वारा उनकी याद में लगभग 25 लाख रुपये की धन राशि खर्च कर किया गया है ताकि आने वाली पीढियां गुरूओं को याद कर उनकी शिक्षा से प्रेरित रहें। चेयरपर्सन ने कहा कि गुरु तेग बहादुर सिंह के नाम पर निर्मित यह भव्य द्वार जींद वासियों के लिए किसी सौगात से कम नहीं है। यह द्वार न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि आने वाली पीढ़ियों को साहस, त्याग और बलिदान की प्रेरणा भी देता रहेगा।

### साइकिल आवरण का उद्घाटन किया

डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिड्ढा ने स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल में पैदल पथ एवं साइकिल आवरण का उद्घाटन किया। इसके उपरांत डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिड्ढा ने डीएवी पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित वीर बाल दिवस समारोह में लगाई गई शहीदों की शहादत को दर्शाती प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्कूल प्रबंधक द्वारा स्कूल में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य मे आयोजित समारोह के दौरान स्कूल में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत स्कूल में विद्यार्थियों को वीर बच्चों की कुर्बानियों का गौरवशाली इतिहास के बारे में जानकारी दी ।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर जींद के एसडीएम सत्यवान मान, डीएमसी सुरेंद्र दून, मार्केट कमेटी के चेयरमैन मनीष बबलू, डा. धर्मदेव विद्यार्थी, कंवल सिंह, जोगेंद्र सिंह, सरदार गुरजिंद्र सिंह, गुरप्रीत सिंह, कृपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# शहीद उधम का जीवन हमारे लिए प्रेरणा स्रोत : राजकुमार


कैथल। वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता में भाग लेते जाट बी.एड. कॉलेज के छात्र-छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

- जाट कॉलेज में स्लोगन व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जाट बी.एड. कॉलेज कैथल में वीर बाल दिवस व शहीद उधम सिंह की जन्म जयंती के अवसर पर स्लोगन व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व अपने भाषण, स्लोगन के माध्यम से छोटे साहबजादे बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह, बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह व शहीद उधम सिंह को स्मरण किया।

इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बैनिवाल ने समस्त कार्यकारिणी के साथ शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर कॉलेज प्राचार्य डॉ दिनेश सिंह ढिल्लों व समस्त स्टाफ सदस्यों ने प्रबंधन समिति का पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया। राजकुमार बैनिवाल ने भी साहिबजादो को याद किया और कहा कि- छोटी सी आयु में अपने प्राणों का बलिदान देना कोई छोटी बात नहीं है। कॉलेज प्राध्यापक चंद्र प्रकाश ने मंच संचालन करते हुए साहिबजादो के बलिदान पर विस्तार से व्याख्यान दिया व बताया कि किस प्रकार से माता गुजरी ने अपने पोतो के बलिदान की बात सुनकर अपने प्राण त्याग दिए थे। कार्यक्रम में अंजू ढुल, राजेश ढुल व मोनिका ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई । प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने अंजलि कक्षा बी.एड.द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर कुसम कक्षा बी.एड.प्रथम वर्ष व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर संदीप व सुमन कक्षा बी.एड.प्रथम वर्ष को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जाट हाई स्कूल सोसाईटी के उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन व कार्यकारिणी सदस्य सदस्य डॉ. सत्यवान माजरा, दलबीर कैरो, महावीर राविश, महावीर कुंडू, कुलदीप सिंह, विक्रम सोंगल , रजत रापड़िया, जसवीर मानस, राजपाल गुहणा सनी चौशाला , स्वतंत्र पाल सिंह कॉलेज स्टाफ सदस्य वीरेंद्र कुंडू, सिकंदर, धीरज कुमार, सुरेंद्र सिह आदि विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

# सरकार से प्रदेश का हर वर्ग दुखी: मंजूरा

- इनेलो किसान सैल की बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

इंडियन नेशनल लोकदल के किसान सैल जिला कैथल की एक महत्वपूर्ण बैठक कैथल में पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता किसान सैल के प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह मंजूरा ने की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करना, किसानों की समस्याओं पर रणनीति तैयार करना तथा आगामी राजनीतिक और संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करना रहा। बैठक में इनैलो के जिलाध्यक्ष अनिल तंवर क्योड़क, प्रदेश सचिव राजाराम माजरा तथा किसान सैल के जिला अध्यक्ष सलिंद्र प्रताप राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त किसान सैल और पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में बैठक में शामिल हुए। बैठक का माहौल पूरी तरह संगठनात्मक मजबूती और किसान हितों के मुद्दों पर केंद्रित रहा। बैठक को संबोधित करते हुए किसान सैल के प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह मंजूरा ने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल हमेशा से किसानों, मजदूरों और आमजन की आवाज को बुलंद करती रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश का किसान, मजदूर और आम नागरिक सरकार की नीतियों से निराश है।


कैथल। इनेलो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते किसान सैल के प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह मंजूरा व अनिल तंवर। फोटो :हरिभूमि

# उप्र की तर्ज पर नायब सरकार भी किसानों को 6 प्रतिशत ब्याज पर ऋण दे : आर्य


राजीव आर्य

**ढांड।** युवा भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ने हरियाणा की नायब सैनी सरकार से मांग की है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की तर्ज पर प्रदेश के किसानों को भी सस्ती दरों पर कृषि ऋण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लघु एवं सीमांत किसानों के लिए कृषि ऋण की ब्याज दर घटाकर मात्र 6 प्रतिशत करने की घोषणा किसानों के हित में एक सराहनीय और ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि छोटे और सीमांत किसान सीमित संसाधनों के साथ खेती करने को मजबूर हैं। ऐसे में सस्ते ब्याज पर ऋण की सुविधा उनके लिए बेहद आवश्यक है। बढ़ती महंगाई, खाद-बीज, कीटनाशक और डीजल की कीमतों ने किसानों की कमर तोड़ दी है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। भाकियू प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा एक कृषि प्रधान राज्य है और यहां की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा खेती पर निर्भर है। यदि हरियाणा सरकार भी किसानों को 6 प्रतिशत ब्याज दर पर कृषि ऋण उपलब्ध कराती है तो इससे न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि राज्य की कृषि उत्पादन क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। राजीव आर्य ने कहा कि योगी सरकार का यह मॉडल हरियाणा के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता है। अब यह देखना होगा कि नायब सैनी सरकार किसानों की इस महत्वपूर्ण मांग पर क्या रुख अपनाती है और क्या हरियाणा के किसानों को भी जल्द कोई बड़ी राहत मिलती है।

# बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी : भीम सेन

- गांव मानस में व्यापक जागरूकता शिविर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं बाल विवाह उन्मूलन विषय पर गांव मानस में व्यापक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एमडीडी ऑफ इंडिया का सहयोग रहा।

अध्यक्षता बाल कल्याण समिति के चेयरमैन भीम सेन अग्रवाल द्वारा की गई। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को बच्चों के संवैधानिक एवं मौलिक अधिकारों, उनके संरक्षण, सुरक्षा एवं समग्र विकास से संबंधित कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों का संरक्षण एवं कल्याण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा बच्चों के सुरक्षित वातावरण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। शिविर के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विधिक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आमजन को निःशुल्क कानूनी सहायता, विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं उनकी पात्रता संबंधी जानकारी प्रदान की।


कैथल। सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन भीमसेन अग्रवाल कानूनी जानकारी देते हुए।

# कैथल में मानव सेवा समिति ने गरीबों को बांटे कंबल

- भजन के माध्यम से प्रभु का गुणगान कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

मानव सेवा समिति ने सनातन धर्म मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया। प्रधान जोगिंद्र ढुल ने सतपाल गुप्ता, बलवंत जाटान, सोमदत कौशिक, एडवोकेट प्रदीप शर्मा, अर्जुन लाल गेरा, अशोक अरोड़ा, बी.डी. शर्मा व सुरेश बंसल सहित मुख्य अतिथि, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व समाजसेवक राम प्रताप गुप्ता, विशिष्ट अतिथि, सेंट्रल बैंक में कार्यरत समाजसेवी दिनेश अरोड़ा व ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष प्रवीण प्रजापति का फूल मालाओं से स्वागत किया। संरक्षक कुलदीप पुनिया, पवन शर्मा, महेंद्र सिंह मराठा तथा महासचिव चंद्रप्रकाश शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों व सदस्यों का पटके पहनाकर स्वागत किया। प्रधान जोगिंद्र ढुल ने समिति के कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। संतोष बंसल ने मां सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। ईश्वरदास अरोड़ा ने भजन के माध्यम से प्रभु का गुणगान कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि के करकमलों से समिति ने जरूरतमंदों को लगभग 150 कंबल बांटे।


कैथल। गरीबों को कंबल वितरित करते सभा के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### अटल को सीवन में भावभीनी श्रद्धांजलि

**सीवन।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा की उपाध्यक्ष एवं सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन शैली मुंजाल तथा मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन विक्रम मुंजाल ने अपने कार्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल जी के जीवन, विचारों और राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रहित को समर्पित रहा।

# छात्रों की शैक्षिक उन्नति के लिए अभिभावक-शिक्षक बैठक जरूरी

- गोपाल स्कूल में हुआ अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में इस सत्र की तीसरी लघु परीक्षा के परिणाम की जानकारी के लिए कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के छात्रों के लिए अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अजय कौशिक ने कहा कि इस पीटीएम में शिशु एप्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व उच्चतर विभाग के छात्र अभिभावकों की बैठक व्यवस्था विभागानुसार अलग-अलग की गई। सभी विभागों की जानकारी के अनुसार लगभग 70 प्रतिशत अभिभावकों द्वारा इस बैठक में आकर अपने पालितों की लघु परीक्षा संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। अजय कौशिक ने बताया कि सभी शिक्षकों ने अभिभावक व छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा बोर्ड कक्षाओं पर भी अपेक्षित सुधार करने का आश्वासन दिया। प्रधानाचार्य द्वारा अभिभावकों से छात्रों की दिनचर्या पर विशेष रूप से विचार विमर्श किया गयाए जहां उन्होंने छात्रों को मोबाइल फोन से दूर रखने का निवेदन किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि छात्रों की शैक्षिक उन्नति के लिए अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन अत्यावश्यक होता है।


जींद। मीटिंग में भाग लेते हुए अभिभावक।

## न्यूज डायरी



### शिक्षा केवल नौकरी पाने का साधन नहीं : सतीश


**जींद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर ने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी प्राप्त करने का साधन नही है बल्कि यह व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की नींव है। विद्यार्थी ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी आत्मसात करें। क्योंकि एक मजबूत चरित्र ही उन्हें जीवन में सफलता और सम्मान दिलाएगा। उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर शुक्रवार को गतौली गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी समरसता और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। हमें छुआछूत जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से नष्ट करना होगा।



### मेधावी विद्यार्थियों को दी छात्रवृत्ति

**नरवाना।** किड्स मेलोडी स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मानव मित्र मंडल व प्रगतिशील समाज ने इस कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां प्रदान की। संस्था के सचिव नरेश वत्स ने जानकारी दी कि गत दिनों किशोरी लाल सिंगला का लंबी बीमारी के बाद स्वर्गवास हो गया था। उनके सेवा कार्यों को ज्ञापित करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। रोबिन गर्ग ने मेधावी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन ही सफलता के द्वार खोलता है। सेवानिवृत्त खेल प्रशिक्षक मेवा सिंह नैन उपस्थित जन समूह को निरंतर समाज उपयोगी कार्यों में व्यस्त रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर एसडी महिला महाविद्यालय कि मेधावी छात्रा शीतल को किशोरी लाल सिंगला विशेष प्रोत्साहन छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया।

### पैक्स प्रबंधन व कर्मचारियों के खिलाफ लामबंद हुए किसान



**अलेवा।** गांव संडील के किसानों ने वर्ष 2019 के करीब छह साल बाद एक बार फिर से पेगां पैक्स में नकदी तथा खाद मामले में विरोध का बिगुल बजा दिया है। जिसके विरोध स्वरूप संडील गांव के किसानों द्वारा शुक्रवार को गांव में एक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत की अध्यक्षता श्रीपाल जांगड़ा ने की। इस दौरान किसानों को संबोधित करते हुए श्रीपाल जांगड़ा ने कहा कि पेगां पैक्स के कर्मचारी तथा समिति सदस्य लंबे समय से किसानों के खातों में नगदी तथा खाद के मामले में गबन करते आ रहे हैं।

### नरवाना में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन

# आधुनिक भारत के नवनिर्माण के पुरोधा थे वाजपेयी

**सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रहे मुख्यातिथि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी आधुनिक भारत के नवनिर्माण के पुरोधा थे उनका विजन था कि भारत में अंत्योदय कल्याण की परिकल्पना सार्थक बने तथा संतुलित ग्रामीण विकास हो तभी भारत आत्मनिर्भर तथा विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो सकता है । इस मिशन को साकार करने के लिए स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने प्रधानमंत्रीत्व काल के दौरान ऐतिहासिक निर्णय लिए जिनके वर्तमान में सुखद परिणाम मिल रहे हैं। यह विचार हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अटल स्मृति सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किए। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के उपलक्ष्य में यह सम्मेलन शुक्रवार को स्थानीय वाल्मीकि छात्रावास भवन में आयोजित किया गया। कैबिनेट मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय अटल के जीवन में महान राजनीतिक एवं सामाजिक दर्शन मिलते हैं उन्होंने ने अपने जीवन में ग्रामीण विकासए शिक्षा के प्रसार ए सुशासन तथा पारदर्शी सुशासन की धारणा पर काम किया। उनके प्रधानमंत्रीत्व काल में ही देश के कुल बजट का 62 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में पहली बार अलाट हुआ।


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पंडित मदन मोहन मालवीय के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढुलए विजयपाल एडवोकेटए नीताशा सिहागए ओम प्रकाश शर्माए मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल ए सुरेंद्र प्रजापतिए सत्यवान शर्माए सुरेंद्र हथोए भीम दनौदाए प्रमोद शर्माए मार्केट कमेटी चेयरमैन अमित ढाकलए सत्य प्रकाश सैनीए मंडी प्रधान ईश्वर गोयलए बैसाखी राम सैनीए वीरेंद्र नैन ए जोरा सिंह बढनापुरए बलदेव वाल्मीकि। एडवोकेट सुशील नायकए एडवोकेट राजेश शर्माए एडवोकेट मनदीप चहल ए विनय मित्तलए राजेंद्र मल्लूए सुनीता बयान ए कैबिनेट मंत्री के मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### श्रद्धा, स्मरण और संकल्प का संदेश दिया

**पूंडरी।** भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के गांव पिलनी में श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांव पिलनी के बूथ नंबर 140 पर आयोजित इस आयोजन में मार्केट कमेटी चेयरमैन पाई कृष्ण शर्मा पिलनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण एकत्रित हुए और अटलजी के राष्ट्रनिर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें कोटिशः नमन किया गया। कृष्ण शर्मा ने कहा कि अटलजी द्वारा प्रतिपादित सुशासन, पारदर्शिता, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रहित की सोच आज भी देश के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत हैं।